घटना | 50 हजार के नुकसान का अंदेशा, पुराने विवाद में युवक पर आग लगाने का शक

# बदरा बस स्टैंड में फल ठेले में लगाई आग





**जमुना कोतमा नवभारत 17 मार्च।** जिले के बदरा बस स्टैंड में एक फल विक्रेता के ठेले में आग लगाने का मामला सामने आया है। आग लगने से ठेले में रखा फल और पूरा ठेला जलकर राख हो गया, जिससे दुकानदार को करीब 45 से 50 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना भालूमाड़ा में दर्ज कराते हुए एक व्यक्ति पर शंका जाहिर की है

जानकारी के अनुसार बदरा बस स्टैंड में नारायण दास चौधरी का फल का ठेला संचालित होता है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बीती रात अज्ञात कारणों से ठेले में आग लग गई, जिससे ठेले में रखा पूरा फल और सामान जलकर नष्ट हो गया आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### फल सहित पूरा ठेला जल गया

इस संबंध में रविदास चौधरी ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से बदरा बस स्टैंड में फल बेचने का काम करते हैं। देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने ठेले में आग लगा दी, जिससे फल सहित पूरा ठेला जल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब 45 से 50 हजार रुपये तक का नुकसान हुआ है। फरियादी ने रिपोर्ट में बताया कि उसका पहले राकेश चौधरी से विवाद हो चुका है। राकेश चौधरी उससे रंजिश रखता था, इसलिए उसे शंका है कि संभवत: उसी ने ठेले में आग लगाई होगी।

### दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

पीड़ित परिवार ने इस संबंध में थाना भालूमाड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है और मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने भी घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द ही दोषियों को पकड़कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि छोटे व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



# अवैध रेत उत्खनन पर 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**वेंकटनगर पुलिस की कार्रवाई, अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी फरार**

**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वेंकटनगर पुलिस चौकी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अवैध रेत जब्त की है। हालांकि, मौके से आरोपी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस को सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ सीमा के गूजर नाला से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से ग्राम मुंडा की ओर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मुंडा-खालबहरा मार्ग पर घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान दो ट्रैक्टर आते दिखाई दिए, लेकिन पुलिस को देखकर चालक वाहन सड़क से उतारकर मौके पर छोड़कर अंधेरे में भाग निकले। पुलिस ने पीछा किया, परंतु वे पकड़ में नहीं आ सके।

### 3-3 घन मीटर अवैध रेत लोड थी

पुलिस जांच में दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली में 3-3 घन मीटर अवैध रेत लोड पाई गई। एक ट्रैक्टर बिना पंजीयन नंबर का था, जबकि दूसरे ट्रैक्टर कानंबर एमपी 65 जेसी 7738 एवं ट्रॉली का नंबर सीजी 10 क्यू, 5741 पाया गया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात चालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

# पटवारी हंसराज को एसडीएम ने किया निलंबित

**सोशल मीडिया में फोटो वायरल फोटो में किसी व्यक्ति से पैसे लेते हुए नजर आ रहा पटवारी**



**अनूपपुर नवभारत 17 मार्च।** जिला एवं तहसील क्षेत्र के हल्का पसान में पदस्थ पटवारी हंसराज का फोटो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जांच उपरांत एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी ने मंगलवार को निलंबित कर दिया हैं।

निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग अनूपपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जारी आदेश में कहा गया हैं कि हंसराज सिंह, हल्का पटवारी पसान, हल्का 3 नम्बर 057 राजस्व निरीक्षक मंडल पसान तहसील अनूपपुर सोशल मीडिया के माध्यम यह जानकारी प्राप्त हुई है।

### राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

सोशल मीडिया पर वायरल फोटो में पटवारी हंसराज किसी व्यक्ति से पैसे लेते हुए नजर आ रहा हैं। इसमें कहा गया कि पटवारी बिना पैसे लिए कोई भी राजस्व संबंधी काम नहीं करता है। कई ग्रामीणों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें काम कराने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के बाद मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली सवाल उठा रहे है।

### उक्त कृत्य अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही है : एसडीएम

एसडीएम ने कहा कि उक्त कृत्य अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है तथा मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के साथ मूलभूत नियमों का भी उल्लंघन है। जिस पर हल्का पटवारी पसान, हंसराज सिंह तहसील अनूपपुर को मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम-1966 के नियम 9 के अंतर्गत निलंबित कर दिया गया हैं।

## लघु उद्योग भारती की जिला इकाई के अध्यक्ष बने जयप्रकाश अग्रवाल

**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** जिले में लघु उद्योगों को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लघु उद्योग भारती की जिला इकाई का गठन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जयप्रकाश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अनूपपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राजेंद्र तिवारी ने कहा कि देश के विकास में लघु उद्योगों की अहम भूमिका है। इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य मुरलीधर एवं प्रांत महामंत्री हरिसिंह भदौरिया ने संगठन की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए अनूपपुर इकाई को लघु उद्योग भारती की 21वीं शाखा के रूप में घोषित किया।

# पसान में पहला पंजीकृत मछली विक्रय केंद्र शुरू

**स्वच्छता और व्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा**



**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** जिले के पसान नगर में मछली व्यापार को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र में जिले का पहला पंजीकृत मछली विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन मत्स्य विभाग की निरीक्षक वर्षा दुर्गा, सहायक संचालक एस.के. सोंधिया और नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह केंद्र शासन द्वारा पंजीकृत है और निर्धारित नियमों के अनुरूप संचालित होगा। नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 में सब्जी मंडी के पास स्थापित इस केंद्र के शुरू होने से अब नागरिकों को एक ही स्थान पर स्वच्छता के साथ मछली उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, अनियमित रूप से संचालित हो रही मछली दुकानों पर रोक लगेगी।

### मटन और चिकन दुकानों को भी व्यवस्थित किया जाएगा

उन्होंने आगे कहा कि भविष्य में नगर की अन्य मटन और चिकन दुकानों को भी व्यवस्थित रूप से एक स्थान पर शिफ्ट करने की योजना है, जिससे स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे। मत्स्य निरीक्षक वर्षा दुर्गा ने जानकारी दी कि जिला कलेक्टर के प्रयासों से यह पहल संभव हो सकी है। पूरे जिले में कुल 13 मछली विक्रय केंद्र स्थापित किए जाने हैं, जिनमें से पहला केंद्र पसान में शुरू हुआ है।

### जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि : जायसवाल

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता लाल बहादुर जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में संचालित अन्य मांस एवं मछली दुकानों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से बचा जा सके।

## एक नजर में



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने की 54 आवेदनों पर सुनवाई

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 54 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसील अनूपपुर के ग्राम फुनगा निवासी शकुन्तला दुबे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने, तहसील कोतमा के ग्राम उमरदा निवासी मनबोध सिंह कुंवर ने भूमि सीमांकन कराए जाने तथा अनूपपुर निवासी मयंक गुप्ता ने अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने समग्र आईडी में सुधार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी दिए।




### एनडीआरएफ का सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले के कोतमा जनपद पंचायत परिसर में आज राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) द्वारा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में वाराणसी टीम के बचाव कर्मियों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ के सामान्य निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। जनपद पंचायत कोतमा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ममता मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सबसे अधिक प्रभावित स्थानीय समुदाय ही होता है और प्रारंभिक प्रतिक्रिया भी वही देता है। ऐसे में यदि प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के आवश्यक कौशल का ज्ञान हो, तो बड़ी जनहानि को रोका जा सकता है।

### त्यौहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अनूपपुर, नवभारत।** चैत्र नवरात्रि, रामनवमी एवं ईद-उल-फितर जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी है। जारी आदेश के अनुसार 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होकर 27 मार्च को रामनवमी मनाई जाएगी, जबकि 21 मार्च को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाएगा। इन अवसरों पर जिलेभर में धार्मिक आयोजन एवं मस्जिदों में नमाज के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। कलेक्टर ने अनूपपुर, चचाई, फुनगा, भालूमाड़ा, जैतहरी, वेंकटनगर, कोतमा, बिजुरी, रामनगर, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक एवं करनपठार थाना क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है।

बिजली कर्मचारी महासंघ ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

# मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** जिले में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई के मुख्य द्वार पर नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों ने एकत्र होकर रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के मंत्री सतेंद्र कुमार पाटकर एवं शाखा सचिव चचाई ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा, जिससे प्रदेश की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

ज्ञापन में कर्मचारियों ने 12 सूत्रीय मांगें रखीं। प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों का निराकरण, आउटसोर्स श्रमिकों के लिए निगम मंडल का गठन कर शोषण पर रोक, पेंशनरों को राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान, मीटर रीडरों का संविलियन तथा उच्च शिक्षित कर्मचारियों को कनिष्ठ अभियंता पद पर नियुक्ति शामिल हैं।

### 2 अप्रैल को मुख्यलयों पर दिया जाएगा धरना

कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। महासंघ ने आंदोलन की रूपरेखा भी घोषित कर दी है। इसके तहत 2 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला एवं कंपनी मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।




# नव दंपत्ति को दी गई गृह उपयोगी सामग्री

**नार्थ झगराखांड़ में जागृति महिला समिति की पहल**

**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए हसदेव क्षेत्र की जागृति महिला समिति ने नार्थ झगराखांड़ में एक जरूरतमंद नव दंपत्ति को गृह उपयोगी सामग्री प्रदान की।

यह कार्यक्रम 15 मार्च को सामाजिक सेवा उपक्रम के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन के प्रेरणास्पद मार्गदर्शन तथा उपाध्यक्षाओं के सान्निध्य में जागृति महिला समिति की अध्यक्षा डॉ. सरोज बाला बिश्नोई के संरक्षण और नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा नव दंपत्ति को उपहार स्वरूप साड़ियां, सोहाग पोटली सहित लगभग 17 हजार रुपये की गृह उपयोगी सामग्री भेंट की गई।

### जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना संस्था का दायित्व है : डॉ. सरोज

कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष डॉ. सरोज बाला बिश्नोई ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर संस्था का नैतिक दायित्व है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे लोकहितकारी प्रयास समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की 11 सदस्यीय कोर कमेटी गठित

**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद (मध्यप्रदेश इकाई) के कार्यों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने के उद्देश्य से 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया है।



यह कमेटी पत्रकारिता, पत्रकारों एवं परिषद के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण एवं अतिआवश्यक मामलों में शीघ्र निर्णय लेने का कार्य करेगी। गठित कोर कमेटी में राष्ट्रीय संरक्षक गंगा पाठक, राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी, प्रदेश संयोजक मदन मोहन अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला (अनूपपुर), प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश प्रमुख अनुशासन समिति जी शर्मा बबला तथा प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा को स्थान दिया गया है।

परिक्रमा | अमरकंटक में बिखरी आस्था की अलौकिक छटा

# नर्मदा परिक्रमा के लिए देशभर से उमड़े श्रद्धालु





**अनूपपुर, नवभारत 17 मार्च।** अमरकंटक की पवित्र धरा इन दिनों नर्मदा परिक्रमा को लेकर श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंगी नजर आ रही है। नर्मदा नदी के उद्गम स्थल पर देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक माहौल में डूबा हुआ है। मंगलवार को परिक्रमावासियों ने उद्गम स्थल स्थित रामघाट (उत्तर तट) में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद विधि-विधान से पूजन-अर्चन, आरती एवं कथा का आयोजन कर मां नर्मदा का आशीर्वाद लिया और अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना हुए।

### अहमदनगर से पहुंचा 500 श्रद्धालुओं का दल

महाराष्ट्र के अहमदनगर (अहिल्यानगर) से करीब 500 श्रद्धालुओं का दल अमरकंटक पहुंचा। सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मां नर्मदा की पूजा कर परिक्रमा का संकल्प लिया।

वहीं दक्षिण भारत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु से आए परिक्रमावासियों ने भी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए।

### रमेश ने तमिल व तेलुगु भाषा में पूजा-अर्चना कराई

चेन्नई से आए श्रद्धालुओं के दल के साथ पहुंचे रमेश ने कोटि तीर्थ कुंड में मंत्रोच्चारण के साथ तमिल व तेलुगु भाषा में पूजा-अर्चना कराई और मां नर्मदा के महात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं ने जल एवं तट परिवर्तन की परंपरा निभाते हुए माई की बगिया की ओर प्रस्थान किया।परिक्रमावासियों का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा जीवन में विशेष आध्यात्मिक महत्व रखती है। यह साधना के साथ-साथ मनोकामनाओं की पूर्ति का भी माध्यम है।

## कमर्शियल और ऑपरेटिंग इलेवन ने जीता खिताब

**अनूपपुर, नवभारत 16 मार्च।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर द्वारा आयोजित डे-नाइट अंतर्विभागीय महिला-पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब महिला वर्ग में कमर्शियल इलेवन और पुरुष वर्ग में ऑपरेटिंग इलेवन ने अपने नाम किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रेलवे मजदूर कांग्रेस कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ अपने पंचशील कार्यक्रम के तहत सामाजिक दायित्व निभाते हुए खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग और उत्साह को बढ़ाते हैं। फाइनल मैच का शुभारंभ बिलासपुर रेल मंडल सेक्रो अध्यक्ष रीता श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में कमर्शियल इलेवन और पर्सनल इलेवन आमने-सामने थीं।